सांवरे का करू श्रृंगार | By Dakshita Aggarwal

मैं तो सांवरे सलोने का करू श्रृंगार
मैं तो खाटूवाले बाबा से करती हूँ प्यार
मेरे मन में है मूरत मेरे श्याम की यार
मैं तो सांवरे ....

छोटे छोटे हाथो से शीश को सजाऊँ
तेरी मोटी आँखों में काजल लगाऊं
तेरे माथे पे तिलक लगाऊं दिलदार
मैं तो सांवरे ....

तेरे श्याम कानो में कुण्डल पहनाऊं
तेरी घुंघराली लटा को सजाऊँ
तुझे इत्तर स्नान करौं दिलदार
मैं तो सांवरे ....

दक्षिता के मन को श्रृंगार तेरो भावे
देव श्याम नाम माला तेरी जपता जाऊं
तोहे खीचड़ का भोग लगाऊं मेरे श्याम
मैं तो सांवरे ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%83%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-dakshita-aggarwal/